सेक्टर 9 स्थित राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस इकाई की ओर से आयोजित वार्षिक सात दिवसीय शिविर उद्घाटन प्राचार्य डॉ सत्यमन्यु यादव जी ने दीप प्रज्जवल कर किया । विद्यार्थियो को संबोधित करते हुए उन्होंने के माध्यम से समस्त समग्र व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य सिवर के सहभागी बने विद्यार्थियों को अपने भीतर की एक बुराई का परित्याग करने और कुछ नए गुणों को आत्मसात करने का आह्वान किया उन्होंने अंग्रेजी साहित्यकारों का जिक्र कर बड़े उद्देश्य की प्राप्ति हेतु सभी को प्रोत्साहित किया । 9:00 बजे शिविर स्थल पर एकत्रित हुए स्वयंसेवकों ने पंजीकरण के उपरांत विद्यार्थियों ने एनएसएस गान राष्ट्रीय गान योगासन योगासन व सूर्य नमस्कार आदि के क्रियाकलापों में सलंगन हुए । औपचारिक उद्घाटन सत्र में  प्राचार्य महोदय जी का उद्बोधन सुनने के उपरांत विद्यार्थियों ने सभी को श्रमदान के सूत्र में अपने स्वयंसेवकत्व  का साक्षात्कार कराया। सामूहिक भोजन के पश्चात हुए सत्र में सेवानिवृत्ति प्राध्यापिका  का डॉक्टर जगदंबे वर्मा जी बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के विषय पर विद्यार्थियों से  संवाद किया । अपने जीवन यात्राओं की चर्चा की और छात्राओं को स्वावलमबन हेतु प्रोत्साहित किया उसके उपरांत सास्वृतिक कार्यक्रम हुए।  इस कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रोग्राम ऑफिसर डॉक्टर लेता गोर और रोहित शर्मा ने किया इस अवसर पर श्रीमती वेनू और श्रीमान विजय वीर उपस्थित रहे ।



शिविर के दूसरे दिन हुआ योगासन सूर्य नमस्कार और नशा युक्ति पर व्याख्यान प्राचार्य डॉक्टर सत्य मन्यु यादव जी के नेतृत्व में चल रहे एनएसएस सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन का प्रथम सत्र में डॉक्टर भूदेव जी द्वारा योगासन प्राणायाम और सूर्य नमस्कार कराया गया उसके पश्चात श्रम साधना के सत्र में महाविद्यालय आकर स्वयंसेवकों ने एन एस एस लोन और उसके समीप स्थित लोन में स्वच्छता अभियान चलाया इनके द्वारा चलाए गए इस अभियान से सभी प्राध्यापक प्रभावित हुए और स्वयं सेवकों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की दोपहर भोजन के पश्चात नशा मुक्ति और फिट इंडिया मूवमेंट पर व्याख्यान आयोजित हुआ इसके अतिरिक्त भाषण प्रतियोगिता में भी स्वयं सेवकों ने आत्मनिर्भर भारत ई वेस्ट पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर अपने विचार रखे साईं काल के जलपान के उपरांत रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए प्रोग्राम ऑफिसर डॉ इन दोनों से ललिता गौर श्री रोहित शर्मा व श्रीमती बीकानेर मेनू तथा श्री विजयवीर उपस्थित रहे सभी स्वयंसेवकों को आगामी दिनों में होने वाली प्रतियोगिताओं एवं क्रियाकलापों के बारे में अवगत कराया



राजकीय महाविद्यालय सेक्टर नौ में एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन गांव बसई में सफाई अभियान चलाया गया। इसके बाद एनएसएस स्वयंसेवकों ने समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली। रैली गांव के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से शुरू होकर गांव की गलियों से होते हुए महाविद्यालय पहुंची। समाजसेवी कमल गोयल ने स्वयंसेवकों को समग्र व्यक्तित्व विकास के विषय में जानकारी दी। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सत्यमन्यु यादव ने स्वयंसेवकों को समाजसेवा की सीख दी। इस मौके पर महाविद्यालय से प्रोग्राम आफिसर डा. ललिता गौड़ और रोहित शर्मा मौजूद रहे।



*चौथे दिन हुआ वेद, अध्यात्म और मानवता पर व्याख्यान*

राजकीय महाविद्यालय सेक्टर 9 गुरुग्राम की एनएसएस इकाइयों द्वारा आयोजित 7 दिवसीय शिविर के चौथे दिन की शुरुआत योगाभ्यास और सूर्यनमस्कार के सत्र से हुई जिसमें आयुष विभाग में कार्यरत डॉ. भूदेव ने स्वयंसेवकों को योग का प्रशिक्षण दिया। ज्ञात हो इस शिविर के प्रतिभागी स्वयंसेवक 75 करोड़ सूर्यनमस्कार के अभियान का भी हिस्सा है। उसके उपरांत हुए श्रमसाधना में स्वयंसेवकों ने पुनः महाविद्यालय आकर स्वच्छता अभियान चलाया। उसके उपरांत आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा से जुड़े श्री कन्हैया लाल आर्य जी ने अपने व्याख्यान से विद्यार्थियों को वेदों की जानकारी दी। उन्होंने अपने उद्बोधन में स्वामी दयानंद सरस्वती जी के जीवन पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा की विद्यार्थी जीवन में ही हमे अपने महापुरुषों की जीवनी पढ़ने का अभ्यास बनाना चाहिए। उसके उपरांत दोपहर भोजन के पश्चात हुए सत्र में यूथ पीस फाउंडेशन से आए कार्यकर्ताओं ने "मेंटल हेल्थ" विषय पर कार्यशाला आयोजित की जिसमें स्वयंसेवकों को अच्छे विचारों से मस्तिष्क का पोषण करने का आह्वान किया गया।

ज्ञात हो यूथ पीस फाउंडेशन की स्थापना "हियर योरसेल्फ" नामक लोकप्रिय पुस्तक के लेखक श्री प्रेम रावत जी ने की। शांति और मानवता के प्रसार को समर्पित इस संस्था के 176 देशों में 1 लाख से अधिक कार्यकर्ता हैं। संध्याकाल में स्वयंसेवकों की कुछ क्रीड़ा स्पर्धाएं आयोजित हुईं जिसका पुरस्कार वितरण समापन कार्यक्रम में किया जाएगा। इस कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉ सत्यमन्यु यादव जी के कुशल मार्गदर्शन में प्रोग्राम ऑफिसर डॉ ललिता गौड़ और श्री रोहित शर्मा द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर श्रीमती वेणु और श्री विजयवीर उपस्थित रहे।


SHOT ON MI A3
CHETAN RAGHAV

HOT ON MI A3
HETAN RAGHAV

SHOT ON MI A3
CHETAN RAGHAV

HOT ON MI A3
HETAN RAGHAV

HOT ON MI A3
HETAN RAGHAV

HOT ON MI A3
HETAN RAGHAV

T ON MI A3
ETAN RAGHAV

SHOT ON MI A3
CHETAN RAGHAV

RAGHAV

*एनएसएस शिविर के पांचवे दिन लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर*

राजकीय महाविद्यालय सेक्टर 9 गुरुग्राम की एनएसएस इकाइयों द्वारा आयोजित वार्षिक 7 दिवसीय शिविर के पांचवे दिन आर्य समाज बसई में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। क्लॉव डेंटल, सी के बिडला अस्पताल और ओम आयुर्वेदिक आई केयर सेंटरों से आई चिकित्सकों की टीम के सहयोग से लगाए गए इस शिविर में 105 लोगों ने अपना पंजीकरण कराया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय पार्षद श्री नवीन दहिया जी और महाविद्यालय के प्राचार्य श्री सत्यमन्यु यादव जी ने रिबन काट कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित गांववासियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य जी ने एनएसएस के इतिहास और उद्देश्यों के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने एनएसएस इकाईयों का सहयोग करने पर आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि श्री दहिया जी ने सामाजिक सरोकार से जुड़े इस पुनीत कार्य के आयोजन पर आयोजकों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और भविष्य हेतु शुभकामनाएं भी प्रेषित की। कोविड के उपरांत हुए सूचना प्रौद्योगिकीय यंत्रों के अत्यधिक प्रयोग के कारण आंखों में सूखापन की समस्या सर्वाधिक प्रमुखता से नजर आई। इसके निवारण हेतु डॉ भारत भूषण जी ने कई व्यायाम भी बताए। उल्लेखनीय है कि इस शिविर की सूचना हेतु एनएसएस स्वयंसेवकों ने गांव भर में डोर टू डोर संपर्क अभियान भी चलाया। इस शिविर का आयोजन श्री बलवान जी व श्री बीरेंद्र जी के सहयोग से प्रोग्राम ऑफिसर डॉ ललिता गौड़ व श्री रोहित शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय से डॉ गीतिका, डॉ नीलम दहिया, डॉ अंजना शर्मा तथा बसई गांव से श्री सत्यप्रकाश कटारिया, अनिल नंबरदार, पण्डित दयानंद, शेर सिंह आदि उपस्थित रहे।


बसई
निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर
॥ओ३म्॥
कृण्वन्तो विश्वमार्यम्
"यज्ञो वै श्रेष्ठतमं कर्म" - यज्ञ करना सबसे श्रेष्ठ क

*शिविर के छठे दिन लगाया रक्त दान शिविर*

राजकीय महाविद्यालय सेक्टर 9 की एनएसएस इकाईयों द्वारा आयोजित विशेष 7 दिवसीय के छठे दिन जिला रेड क्रॉस और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया। महाविद्यालय प्रांगण में स्थित बहुउद्देशीय सभागार में लगाए गए इस शिविर हेतु  विद्यार्थियों का उत्साह प्रशंसनीय था। इस कार्यक्रम का शुभारंभ चक्करपुर निवासी प्रख्यात समाजसेवी एवं पूर्व सरपंच श्री अनिल यादव जी ने स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्पण कर किया। ज्ञात हो स्वामी विवेकानंद जी के आध्यात्मिक गुरु स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी का जन्म 1836 में 18 फरवरी के दिन ही हुआ था। अनिल जी ने कहा की ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में मानवसेवा का भाव पुष्ट होता है। उन्होंने सात दिवसीय शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को सेवा व समर्पण की दिशा में प्रेरित करने के लिए महाविद्यालय परिवार को अपनी शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सत्यमन्यु यादव जी ने रक्त की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए रक्तदान के महत्व को रेखांकित किया। उक्त कार्यक्रम में प्रातः काल से ही पंजीकरण हेतु युवा कतारबद्ध दिखाई दिए और 56 रक्तदाताओं ने मानवता की सेवा में स्वयं को आहूत किया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राजेश कुंडु, डॉ प्रवीन सिंह और गैर शैक्षणिक कर्मचारी नितिन भारद्वाज ने भी रक्तदान किया। इस शिविर का आयोजन और संचालन डॉ ललिता गौड़ और श्री रोहित शर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ गीतिका, डॉ नीलम, डॉ अंजना शर्मा, श्री संजय कत्याल, अजय कुमार, विजयवीर, सोमी देवी आदि उपस्थित रहे।


BLOOD BANK
NOT ME
BUT YOU
NATIONAL SERVICE SCHEME
EXIT

सात  दिवसीय शिविर का हुआ समापन

स्वदेशी आचार- विचार-व्यवहार और उत्पादों से ही भारत  सामाजिक आर्थिक   स्वदेशी और सांस्कृतिक सालाना को प्राप्त करना | स्वतंत्रता संग्राम में अपने गानो की आहूति देने वाले महापुरुवों के सप्नों के समाको 'नेशन कार्या स्वदेशी गराए के मंत्र पर चलना होगा। उक्ट विचार स्वदेशी जागरण के राष्ट्रीय संगठक श्री  कश्मीरी में लाल नै एनएसएस 7 दिवसीय शिविर के  समापन कार्यक्रम   में कहा  . शिवाजी जयंती के अवसर पर शिवाजी को स्मरण का उन्होंने कहा कि शिवाजी और उनकी मां जीजाबाई की जीवनी भी सभी विद्यार्थी को पढ़नी चाहिए ज्ञात हो राजकीय महाविद्यालय सेक्टर 9 की एनएसएस इकाई द्वारा विशेष सात दिवसीय शिविर का आयोजन प्राचार्य डॉ सत्यमन्यु यादव जी के मार्गदर्शन में विगत 13 फरवरी से किया जा रहा था इस शिविर में स्वास्थ्य जांच शिविर ,रक्तदान शिविर, जन जागरण रैली, तलाबो की सफाई, पौधारोपण, आध्यात्मिक एवं सामाजिक स्वरूप सरोकार के अन्य विषयों पर व्याख्यान शामिल रहे .समापन कार्यक्रम में शिविर के दौरान की इस वासियों का सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. समापन कार्यक्रम में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में शक्ति तनु, शिवानी, बबीता ,पायल ,प्रवीण और शुभम ने भाग लिया इस शिविर में शुभम और दीक्षा बेस्ट वालंटियर चुने गए समापन कार्यक्रम में यूनाइटेड वे नामक एनजीओ के साथ मिलकर प्राचार्य जी, कार्यक्रम अधिकारी यूनिट 1 और 2,स्वयंसेवको ने करीब 1000 पौधों का पौधारोपण किया  इस कार्यक्रम में मंच संचालन रोहित शर्मा ने और धन्यवाद धन्यवाद ज्ञापन डॉ ललिता गौर ने किया इस अवसर में डॉक्टर गीतिका, डॉक्टर नीलम, डॉक्टर राजेश कुंडू ,डॉक्टर कृष्ण कांत शर्मा, मीनू शर्मा, संजय कलाल ,विद्यार्थी और  रवि देशवाल उपस्थित रहे


GOVT. COLLEGE, SECTOR-9, GURGAON
NSS CAMP
NOT ME BUT YOU
NATIONAL SERVICE SCHEME
NATIONAL SERVICE SCHEME
NSS
GOVT. COLLEGE SECTOR-9 GURUGRAM
NOT ME BUT YOU
ANNUAL SEVEN DAYS SPECIAL CAMP
NATIONAL SERVICE SCHEME
GOVT. COLLEGE, SECTOR-9, GURGAON
NSS CAMP